छत्तीसगढ़ राज्य के भुइयां कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

23 जून, 2022 को छत्तीसगढ़ में कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा संचालित लैंड रिकॉर्ड्स प्रोजेक्ट, भुइयां सॉफ्टवेयर को मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रतिष्ठित आईएमसी डिजिटल अवॉर्ड्स, 2021 से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- यह पुरस्कार सरकारी क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिये कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को प्रदान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में भू-अभिलेखों को डिजिटाइज़ करने और लोगों को इसे ऑनलाइन माध्यम से सहज रूप में उपलब्ध कराने के लिये भुइयां कार्यक्रम बनाया गया है।
- भुइयां सॉफ्टवेयर नक्शा, खसरा एवं उससे जुड़े ज़मीन के कागज़ात को ऑनलाइन प्रस्तुत करता है, साथ ही संपत्ति की रजिस्ट्री एकीकृत करते हुए डुप्लीकेट रजिस्ट्री की समस्या का समाधान करता है।
- इस सॉफ्टवेयर में प्रोजेक्ट में विभागों के प्रमुख अधिकारियों- राजस्व, खाद्य, कृषि, एनसीपीआई, मृदा स्वास्थ्य, वाणिज्यिक कर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और कई अन्य विभागों के सचिव तथा ज़िला के कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक की लॉग इन आईडी बनाई गई है तथा 3800 से अधिक बैंकों को भुइयां से एकीकृत किया गया है, जिससे किसी भूमि पर डुप्लीकेट ऋण प्रदाय किये जाने से रोका जा सकता है एवं ऋण की ऑनलाइन प्रविष्टि भी की जा सकती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhuiyan-programme-of-chhattisgarh-state